
सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण
करेंट अफेयर्स
WITH STATIC G.K
अलार्म वाली क्लास
DAILY
NEWS
करेंट अफेयर्स
WITH
STATIC GK
EPISODE
610
NEWS
अलार्म वाली क्लास
LIVE 05-08-2026 06:00AM

# Daily Current Affairs
# +
# Important Static Facts
## 5 AUGUST 2026

## Home Work Question

**Q. हाल ही में भारत ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में कुल कितने पदक जीते हैं? How many medals did India win in total at the recent World Para Athletics Championships 2025?**

a. 18
b. 20
c. 22
d. 25

# 4 AUGUST 2026 Revision

**Q.1:** हाल ही में इंडिया मैरीटाइम अवॉर्ड्स **2026** में **'**सर्वश्रेष्ठ बंदरगाह **(**गैर**-**कंटेनरीकृत**)'** पुरस्कार किसे प्रदान किया गया**? Who was recently awarded the 'Best Port (Non-Containerized)' award at the India Maritime Awards 2026?**

**a)** विशाखापत्तनम पोर्ट प्राधिकरण **Visakhapatnam Port Authority**

b) जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (JNPA) Jawaharlal Nehru Port Authority (JNPA)

c) पारादीप पोर्ट प्राधिकरण Paradip Port Authority

d) दीनदयाल पोर्ट प्राधिकरण (कांडला) Deendayal Port Authority (Kandla)

Q. 2: हाल ही में भारत का पहला उड़ान-परीक्षित और तैयार-उपयोग उपग्रह बैटरी कौन-सी बनी है? Which became India's first flight-proven and off-the-shelf satellite battery recently?

a) शक्ति-100 Shakti-100

b) पावरबैंक-50 PowerBank-50

c) स्पेससेल-75 SpaceCell-75

d) ऑर्बिटपावर-25 OrbitPower-25

Q. 3: हाल ही में रक्षा लेखा महानियंत्रक (CGDA) का पदभार किसने ग्रहण किया है? Who has recently

**assumed charge as the Controller General of Defence Accounts (CGDA)?**

a) अनीता आनंद **Anita Anand**

b) आरती सरीन **Arti Sarin**

c) अलका नांगिया अरोड़ा **Alka Nangia Arora**

d) संदीप थरेजा **Sandeep Thareja**

**Q. 4:** हाल ही में खोजी गई नई मीठे पानी की कैटफ़िश स्यूडोलागुविया खैरी के संबंध में सही कथन चुनिए। **Choose the correct statement regarding the newly discovered freshwater catfish Pseudolaguvia khairii.**

**a)** इसका नाम प्रसिद्ध रॉयल बंगाल बाघिन 'खैरी' के सम्मान में रखा गया है। **It has been named after the famous Royal Bengal tigress Khairi.**

**b)** इसकी खोज चिल्का झील में की गई है। **It was discovered in Chilika Lake.**

**c)** यह भारत की पहली समुद्री कैटफ़िश प्रजाति है। **It is India's first marine catfish species.**

d) इसकी खोज भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI) द्वारा गंगा नदी में की गई है। It was discovered by ZSI in the Ganga River.

Q. 5: हाल ही में युवा बौद्ध शोधकर्ताओं के चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (ICYBS) की थीम क्या थी? What was the theme of the Fourth International Conference of Young Buddhist Researchers (ICYBS)?

a) वैश्विक शांति के लिए बौद्ध दर्शन Buddhist Philosophy for Global Peace

b) करुणा और सह-अस्तित्व का मार्ग **Path of Compassion and Coexistence**

c) आधुनिक विश्व में बौद्ध संस्कृति का महत्व **Importance of Buddhist Culture in the Modern World**

d) आज की पीढ़ी के लिए बुद्ध का मध्यम मार्ग **The Buddha's Middle Way for Today's Generation**

**Q. 6:** हाल ही में मेक्सिको में भारत का अगला राजदूत किसे नियुक्त किया गया है?

**Who has been appointed as India's next Ambassador to Mexico recently?**

a) विनय मोहन क्वात्रा **Vinay Mohan Kwatra**

b) विक्रम मिस्री **Vikram Misri**

c) एन. जे. गांगटे **N. J. Gangte**

d) संजय कुमार वर्मा **Sanjay Kumar Verma**

**Q. 7:** हाल ही मे एसबीआइ रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष **2026–27** की पहली तिमाही **(Q1)** में भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान कितना लगाया गया है? **According to a recent SBI Research report, what is India's GDP growth rate projected for the first quarter (Q1) of FY 2026–27?**

**a) 7.0%**

**b) 7.5%**

**c) 7.8%**

d) 8.5%

Q. 8: हाल ही में "GI & Beyond 2.0 Summit" का आयोजन किस शहर में किया जा रहा है? In which city is the "GI & Beyond 2.0 Summit" being organized recently?

a) मुंबई Mumbai

b) अहमदाबाद Ahmedabad

c) नई दिल्ली New Delhi

d) जयपुर Jaipur

**Q. 9:** हाल ही में भारतीय रेलवे ने किस रेलखड की मल्टीट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दी है? **Which railway section has recently received approval for a multitracking project by Indian Railways?**

**a)** मुजफ्फरपुर समस्तीपुर रेलखंड **Muzaffarpur–Samastipur Rail Section**

**b)** पटना गया रेलखंड **Patna–Gaya Rail Section**

c) दानापुर फतुहा रेलखड **Danapur–Fatuha Rail Section**

d) बक्सर आरा रेलखंड **Buxar–Ara Rail Section**

**Q. 10:** हाल ही मे गुजरात की किस पारंपरिक चित्रकला को भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्रदान किया गया है? **Which traditional painting of Gujarat has recently received the Geographical Indication (GI) tag?**

a) पिथोरा चित्रकला **Pithora Painting**
b) वारली चित्रकला **Warli Painting**
c) गोंड चित्रकला **Gond Painting**
d) मधुबनी चित्रकला **Madhubani Painting**

**Q. 11:** हाल ही में असम भूमि एवं राजस्व विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2026 के संबंध में सही कथन चुनिए। **Choose the correct statement regarding the Assam Land and Revenue Regulation (Amendment) Bill, 2026.**

**a)** इस कानून के तहत जिला आयुक्तों को अतिक्रमण हटाने का अधिकार नहीं दिया गया है। **District Commissioners have not been given the authority to remove encroachments under this law.**

**b)** इस कानून के तहत विरासत स्थलों के **10** किलोमीटर के दायरे में सभी प्रकार के भूमि लेनदेन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। **The law completely bans all land transactions within a 10 km radius of heritage sites.**

**c)** मूल निवासी की परिभाषा **1** जनवरी **2016** तक दो पीढ़ियों से निवास करने वाले व्यक्ति के रूप में निर्धारित की गई है। **A native resident is defined as a person residing in the area for two generations up to 1 January 2016.**

**d) 250** वर्ष या उससे अधिक पुराने विरासत एवं धार्मिक स्थलों के **5** किलोमीटर के दायरे में भूमि लेनदेन पर विशेष प्रतिबंध लगाया गया है। **Special restrictions have been imposed on land transactions within a 5 km radius of heritage and religious sites that are 250 years or older.**

**Q. 12:** हाल ही मे त्रि सेवा भविष्य युद्ध पाठ्यक्रम के चौथे संस्करण का शुभारंभ कहाँ हुआ हैं? **Where was the fourth edition of the Tri Services Future Warfare Course inaugurated recently?**

a) राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे **National Defence Academy, Pune**
b) वेलिंगटन, तमिलनाडु **Wellington, Tamil Nadu**
c) भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून **Indian Military Academy, Dehradun**

**d) मानेकशॉ सेंटर, नई दिल्ली Manekshaw Centre, New Delhi**

**Q. 13: राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत ने पदक तालिका में कौन सा स्थान प्राप्त किया? What was India's position in the medal tally at the Commonwealth Games 2026?**

a) तीसरा स्थान Third place

b) दूसरा स्थान Second place

c) चौथा स्थान Fourth place

d) पाँचवाँ स्थान Fifth place

**Q. 14:** हाल ही में **2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी** की जिम्मेदारी किस देश ने आधिकारिक रूप से संभाली है? **Recently, which country officially took over the**

**responsibility of hosting the 2030 Commonwealth Games?**

a) ऑस्ट्रेलिया **Australia**

b) कनाडा **Canada**

c) स्कॉटलैंड **Scotland**

d) भारत **India**

**Q. 15:** हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के लाजपत भवन में किस स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक की प्रतिमा का अनावरण किया? **Recently, President Droupadi Murmu unveiled the statue of which freedom fighter and social reformer at Lajpat Bhavan, New Delhi?**

a) लाला लाजपत राय **Lala Lajpat Rai**

b) उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास **Utkalmani Pandit Gopabandhu Das**

c) बाल गंगाधर तिलक Bal Gangadhar Tilak

d) गोपाल कृष्ण गोखले Gopal Krishna Gokhale

**5 AUGUST**

**Q.1:** हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन ने किस विमान के लिए संशोधित टाइप प्रमाणपत्र जारी किया है? **Recently, the U.S. Federal Aviation Administration has issued an amended type certificate for which aircraft?**

**a)** एयरबस **A320neo Airbus A320neo**

**b)** बोइंग **777X Boeing 777X**

**c)** बोइंग **737** मैक्स **7 Boeing 737 MAX 7**

d) एयरबस A321XLR Airbus A321XLR

# FAA ने बोइंग 737 MAX 7 के लिए संशोधित टाइप प्रमाणपत्र जारी किया

संघीय विमानन प्रशासन (FAA) संयुक्त राज्य अमेरिका

BOEING

**तारीख: 3 अगस्त 2026**

संयुक्त राज्य अमेरिका (FAA) ने 3 अगस्त 2026 को बोइंग 737 MAX 7 के लिए संशोधित टाइप प्रमाणपत्र (Amended Type Certificate) जारी किया। इस मंजूरी के बाद बोइंग अब 737 MAX परिवार के सबसे छोटे और सबसे लंबी दूरी वाले संस्करण **737 MAX 7** की ग्राहक आपूर्ति आगे बढ़ा सकेगा।

## प्रमाणीकरण के लिए किये गए प्रमुख संशोधन

### इंजन एंटी-आइस प्रणाली
ओवरहीटिंग से बचाने हेतु इंजन एंटी-आइस प्रणाली का पुनः डिज़ाइन किया गया।

### फ्लाइट कंट्रोल सॉफ्टवेयर
विमान के संचालन की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए फ्लाइट कंट्रोल सॉफ्टवेयर में आवश्यक संशोधन किए गए।

### कॉकपिट अलर्टिंग कॉन्फ़िगरेशन
पायलट को बेहतत और समय पर सतर्कता प्रदान करने के लिए कॉकपिट अलर्टिंग कॉन्फ़िगरेशन में आवश्यक संशोधन किए गए।

## इस मंजूरी का महत्व

- विमान की सुरक्षा मानकों को और मजबूत बनाता है।
- ग्राहक आपूर्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त।
- 737 MAX परिवार का सबसे लंबी दूरी वाला और सबसे छोटा संस्करण।
- एयरलाइनों को लचीली क्षमता और लंबी दूरी संचालन का विकल्प।

## बोइंग 737 MAX 7




737 MAX 7 बोइंग 737 MAX परिवार का हिस्सा है, जिसे विशेष रूप से लंबी दूरी और उच्च ईंधन दक्षता के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## मुख्य विशेषताएँ

**बैठने की क्षमता**
135 से 160 यात्री

**उड़ान सीमा (Range)**
लगभग 4,370 मील (7,040 किमी)

**Answer: c) बोइग 737 मैक्स 7 Boeing 737 MAX 7**

संयुक्त राज्य अमेरिका **(United States)** के संघीय विमानन प्रशासन **[Federal Aviation Administration (FAA)]** ने **3** अगस्त **2026** को बोइंग **737** मैक्स **7** **(Boeing 737 MAX 7)** के लिए संशोधित टाइप प्रमाणपत्र **(Amended Type Certificate)** जारी किया।

इस मंजूरी के बाद बोइंग **(Boeing)** अब **737 MAX** परिवार के सबसे छोटे और सबसे लंबी दूरी वाले संस्करण **737 MAX 7** की ग्राहक आपूर्ति आगे बढ़ा सकेगा। प्रमाणन के

लिए विमान में इंजन एंटी-आइस प्रणाली (Engine Anti-Ice System) को ओवरहीटिंग (Overheating) से बचाने हेतु पुनः डिज़ाइन किया गया।

इसके अलावा फ्लाइट कंट्रोल सॉफ्टवेयर (Flight-Control Software) तथा कॉकपिट अलर्टिंग कॉन्फ़िगरेशन (Cockpit Alerting Configuration) में भी आवश्यक संशोधन किए गए। बोइंग 737 MAX 7 में 135 से 160 यात्रियों के बैठने की क्षमता है तथा इसकी उड़ान सीमा (Range) लगभग 4,370 मील (7,040 किमी) है।

**Q. 2:** हाल ही में टी बोर्ड इंडिया ने एनसीवीईटी से अनुमोदित चाय चखने के कौशल विकास पाठ्यक्रम कहाँ शुरू किए हैं?
**Recently, where has Tea Board India launched NCVET-approved tea tasting skill development courses?**

**a)** गुवाहाटी **Guwahati**

b) कुर्सियांग Kurseong

c) दिब्रूगढ़ Dibrugarh

d) सिलीगुड़ी Siliguri

**सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण** | **करेंट अफेयर्स WITH STATIC G.K** | **अलार्म वाली क्लास**

टी बोर्ड इंडिया
Tea Board India

# टी बोर्ड इंडिया ने कुर्सियांग (पश्चिम बंगाल) में चाय चखने के कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू किए




**दार्जिलिंग टी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर (DTRDC), कुर्सियांग में NCVET से अनुमोदित पाठ्यक्रमों की शुरूआत**

DTRDC
ESTD. 1958

दार्जिलिंग टी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर
(Darjeeling Tea Research and Development Centre)
कुर्सियांग, पश्चिम बंगाल

NCVET
National Council for Vocational Education and Training
(राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद)

**NCVET से अनुमोदित**

ASCI
Agriculture Skill Council of India
(एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ़ इंडिया)

**ASCI के सहयोग से पाठ्यक्रम विकसित**




## प्रमुख पाठ्यक्रम

### टी परीक्षक (Tea Tasters)

- चाय की गुणवत्ता का वैज्ञानिक मूल्यांकन
- स्वाद (Taste), सुगंध (Aroma), रंग (Liquor) और बनावट (Texture) का विश्लेषण
- ब्लेंडिंग और गुणवत्ता नियंत्रण की समझ

### टी सोमेलियर (Tea Sommeliers)

- चाय के प्रकार, उत्पत्ति और प्रोफाइल की जानकारी
- चाय और भोजन के संयोजन (Food Pairing) की समझ
- चाय की सेवा, प्रस्तुतीकरण और ग्राहक अनुभव (Customer Experience) में दक्षता

## इस पहल का उद्देश्य

- प्रशिक्षित चाय परीक्षक (Tea Tasters) और टी सोमेलियर (Tea Sommeliers) तैयार करना
- भारतीय चाय की गुणवत्ता सुधार को बढ़ावा देना
- ब्रांडिंग और मूल्य संवर्धन (Value Addition) को सशक्त करना
- बाजार प्रतिस्पर्धात्मकता (Market Competitiveness) को बढ़ाना



**कुशल मानव संसाधन के माध्यम से भारतीय चाय उद्योग को वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिस्पर्धी एवं टिकाऊ बनाना।**

**Answer: b) कुर्सियांग Kurseong**

टी बोर्ड इंडिया **(Tea Board India)** ने पश्चिम बंगाल के कुर्सियांग स्थित दार्जिलिंग टी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर **(Darjeeling Tea Research and Development Centre (DTRDC))** में राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद **(National Council for Vocational Education and Training (NCVET))** से अनुमोदित चाय चखने के कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इन पाठ्यक्रमों का विकास एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ

इंडिया (**Agriculture Skill Council of India (ASCI)**) के सहयोग से किया गया है।

इस पहल का उद्देश्य प्रशिक्षित चाय परीक्षक (**Tea Tasters**) और टी सोमेलियर (**Tea Sommeliers**) तैयार करना है, जो भारतीय चाय की गुणवत्ता सुधार, ब्रांडिंग, मूल्य संवर्धन (**Value Addition**) तथा बाजार प्रतिस्पर्धात्मकता (**Market Competitiveness**) को बढ़ावा देने में योगदान देंगे।

**Q. 3:** हाल ही में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने किस प्रणाली को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव जारी किया है?
**Recently, the Ministry of Road Transport and Highways has proposed to make which system mandatory?**

**a)** वाहन-से-वाहन संचार प्रणाली **Vehicle-to-Vehicle Communication System**

b) इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली Electronic Toll Collection System

c) वाहन ट्रैकिंग प्रणाली Vehicle Tracking System

d) स्मार्ट ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली Smart Driving Licence System

सत्यमेव जयते
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
भारत सरकार

# सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का प्रस्ताव

# वाहन-से-वाहन संचार (V2V Communication) प्रणाली होगी अनिवार्य

BHARATMALA
सुरक्षित सड़क, समृद्ध भारत

**उद्देश्य: सड़क सुरक्षा बढ़ाना और दुर्घटनाओं को कम करना**

## V2V संचार प्रणाली क्या है?

V2V (Vehicle-to-Vehicle) संचार प्रणाली में वाहन रेडियो सिग्नलों के माध्यम से एक-दूसरे के साथ रियल-टाइम जानकारी साझा करते हैं। यह सामने वाले वाहनों को संभावित खतरों के बारे में पहले से सतर्क कर देती है।




## प्रस्ताव के मुख्य बिंदु

- V2V संचार प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से अनिवार्य किया जाएगा।
- निश्चित मानक: AIS-230
- लक्ष्य: सड़क सुरक्षा में सुधार और दुर्घटनाओं में कमी
- V2V प्रणाली रेडियो सिग्नलों के माध्यम से वाहनों के बीच रियल-टाइम डेटा साझा करेगी।

## कार्यान्वयन समयरेखा

**1 अक्टूबर 2027 से**

जिन नए वाहनों में V2V संचार प्रणाली लगाई जाएगी, उन्हें AIS-230 मानक का पालन करना होगा।

**1 अक्टूबर 2028 से**

L, M और N श्रेणी के सभी नए निर्मित वाहनों में AIS-230 मानक के अनुरूप V2V संचार प्रणाली लगाना अनिवार्य होगा।

## किन वाहनों पर लागू होगा?

- दोपहिया वाहन (L श्रेणी)
- यात्री कारें (M श्रेणी)
- वाणिज्यिक ट्रक (N श्रेणी)

## V2V प्रणाली कैसे काम करती है?




**V2V संचार प्रणाली से समय पर चेतावनी, बेहतर प्रतिक्रिया समय, और सुरक्षित सड़क परिवेश सुनिश्चित होगा।**

**Answer: a) वाहन-से-वाहन सचार प्रणाली**
**Vehicle-to-Vehicle Communication System**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने वाहन-से-वाहन संचार **[Vehicle-to-Vehicle (V2V) Communication]** प्रणाली को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव जारी किया है। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा बढ़ाना तथा दुर्घटनाओं को कम करना है।

प्रस्ताव के अनुसार, **1** अक्टूबर **2027** से जिन नए वाहनों में **V2V** संचार प्रणाली लगाई जाएगी, उन्हें **AIS-230** मानक का

पालन करना होगा। इसके बाद **1 अक्टूबर 2028 से L, M** और **N** श्रेणी के सभी नए निर्मित वाहनों में **AIS-230** मानक के अनुरूप **V2V** संचार प्रणाली लगाना अनिवार्य होगा। इसमें दोपहिया वाहन, यात्री कारें तथा वाणिज्यिक ट्रक **(Commercial Trucks)** शामिल हैं।

**V2V** प्रणाली के माध्यम से वाहन रेडियो सिग्नलों **(Radio Signals)** द्वारा गति **(Speed)**, स्थान, दिशा तथा ब्रेक लगाने की स्थिति जैसी रियल-टाइम जानकारी **(Real-Time Data)** एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे।

**Q. 4:** हाल ही में टूर डी फ्रांस फेम्स में भाग लेने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनी हैं? **Who has recently become the first Indian woman to participate in the Tour de France Femmes?**

a) रोनाल्डो सिंह **Ronaldo Singh**
b) देबोरा हेरोल्ड **Deborah Herold**

c) एसो अल्बेन **Aso Albane**

d) हर्षिता जाखड़ **Harshita Jakhar**

Tour de France FEMMES avec ZWIFT

# हर्षिता जाखड़ बनीं
# टूर डी फ्रांस फेम्स में भाग लेने वाली पहली भारतीय महिला







- स्विट्ज़रलैंड (Switzerland) के एगल (Aigle) में आयोजित 4.5 किलोमीटर की औपचारिक न्यूट्रलाइज्ड राइड (Ceremonial Neutralised Ride) में अंतरराष्ट्रीय विकास समूह (International Development Group) का नेतृत्व किया।
- हर्षिता जाखड़ ने यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनल (UCI) के वर्ल्ड साइक्लिंग टैलेंट प्रोग्राम (World Cycling Talent Programme) के माध्यम से इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लिया।
- टूर डी फ्रांस फेम्स महिलाओं की बहु-चरणीय साइकिल रेस (Women's Multi-Stage Cycling Race) है, जो पुरुषों की टूर डी फ्रांस (Tour de France) के समकक्ष आयोजित की जाती है।
- यह प्रतियोगिता यूसीआई महिला वर्ल्ड टूर (UCI Women's World Tour) कैलेंडर का हिस्सा है।

## हर्षिता जाखड़: परिचय

- आयु: 19 वर्ष
- राष्ट्रीयता: भारतीय
- खेल: साइकिलिंग (रोड साइक्लिंग)
- उल्लेखनीय उपलब्धि: टूर डी फ्रांस फेम्स में भाग लेने वाली पहली भारतीय महिला साइकिलिस्ट

## टूर डी फ्रांस फेम्स: प्रमुख तथ्य

- पहला आयोजन: 2022
- आयोजन अवधि: 8 दिन (बहु-चरणीय रेस)
- प्रतियोगिता का स्तर: UCI Women's World Tour
- सर्वश्रेष्ठ महिला साइकिलिस्टों की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रेस

## न्यूट्रलाइज्ड राइड क्या है?

- रेस की शुरुआत से पहले आयोजित एक औपचारिक राइड, जिसमें समय (टाइमिंग) नहीं लिया जाता।
- इसका उद्देश्य रेस के वातावरण, सुरक्षा और खिलाड़ियों को मार्ग से परिचित कराना होता है।

## भारत के लिए महत्व

- यह उपलब्धि भारतीय साइकिलिंग के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।
- युवा भारतीय एथलीटों के लिए प्रेरणा और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान का नया अवसर।

**Answer: d) हर्षिता जाखड़ Harshita Jakhar**

**19** वर्षीय भारतीय साइकिलिस्ट हर्षिता जाखड़ टूर डी फ्रांस फेम्स **(Tour de France Femmes)** में भाग लेने वाली पहली भारतीय महिला बनी।

उन्होंने स्विट्जरलैंड **(Switzerland)** के एगल **(Aigle)** में आयोजित **4.5** किलोमीटर की औपचारिक न्यूट्रलाइज्ड राइड **(Ceremonial Neutralised Ride)** में अंतरराष्ट्रीय विकास समूह **(International Development Group)** का नेतृत्व किया।

हर्षिता जाखड़ ने यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनल **(Union Cycliste Internationale (UCI))** के वर्ल्ड साइक्लिंग टैलेंट प्रोग्राम **(World Cycling Talent Programme)** के माध्यम से इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लिया।

टूर डी फ्रांस फेम्स महिलाओं की बहु-चरणीय साइकिल रेस **(Women's Multi-Stage Cycling Race)** है, जो पुरुषों की टूर डी फ्रांस **(Tour de France)** के समकक्ष आयोजित

की जाती है तथा यूसीआइ महिला वर्ल्ड टूर (**UCI Women's World Tour)** कैलेंडर का हिस्सा है।

**Q. 5:** हाल ही में दिवंगत न्यायमूर्ति मनमोहन सिंह लिब्रहान किस आयोग के अध्यक्ष थे? **Recently deceased Justice Manmohan Singh Liberhan was the chairman of which commission?**

**a)** सरकारिया आयोग **Sarkaria Commission**

**b)** रगनाथ मिश्र आयोग **Ranganath Misra Commission**

**c)** लिब्रहान आयोग **Liberhan Commission**

**d)** नानावटी आयोग **Nanavati Commission**

# पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन सिंह लिब्रहान का निधन

## 87 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस



**न्यायमूर्ति मनमोहन सिंह लिब्रहान**
(1938 – 2026)

मद्रास और आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन सिंह लिब्रहान का **87 वर्ष** की आयु में निधन हो गया।

वे एक-सदस्यीय **लिब्रहान आयोग** (Liberhan Commission) के अध्यक्ष थे।

इस आयोग का गठन **16 दिसंबर 1992** को अयोध्या में **बाबरी मस्जिद विध्वंस** की जांच के लिए किया गया था।

### लिब्रहान आयोग

- गठन की तिथि: 16 दिसंबर 1992
- जांच का विषय: अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस
- आयोग का स्वरूप: एक-सदस्यीय आयोग
- अध्यक्ष: न्यायमूर्ति मनमोहन सिंह लिब्रहान

### आयोग की रिपोर्ट

- लिब्रहान आयोग ने **17 वर्षों** की गहन जांच और **48 बार** कार्यकाल विस्तार (Extensions) के बाद
- **30 जून 2009** को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौपी।

न्यायमूर्ति लिब्रहान भारतीय न्यायपालिका के एक सम्मानित स्तंभ थे, जिनका योगदान सदैव स्मरण किया जाएगा।

**Answer: c)** लिब्रहान आयोग **Liberhan Commission**

मद्रास और आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन सिंह लिब्रहान का **87** वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे एक-सदस्यीय लिब्रहान आयोग **(Liberhan Commission)** के अध्यक्ष थे, जिसका गठन **16** दिसंबर **1992** को अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस की जांच के लिए किया गया था।

लिब्रहान आयोग ने **17** वर्षों की जांच और **48** बार कार्यकाल विस्तार **(Extensions)** के बाद **30** जून **2009** को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी।

**Q. 6:** हाल ही में लार्सन एंड टुब्रो की हाइड्रोकार्बन इकाई को **₹15,000** करोड़ से अधिक का अल्ट्रा-मेगा अनुबंध किस कंपनी से प्राप्त हुआ है? **Recently, L&T's hydrocarbon unit has received an ultra-mega contract worth over ₹15,000 crore from which company?**

**a)** सऊदी अरामको **Saudi Aramco**

b) कतर एनर्जी **QatarEnergy**

c) अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी **Abu Dhabi National Oil Company**

d) एडीएनओसी ऑफशोर **ADNOC Offshore**


एलएंडटी (L&T) एनर्जी हाइड्रोकार्बन ऑफशोर (LTEH)
को मिला ऐतिहासिक 'अल्ट्रा-मेगा' अनुबंध
ADNOC Offshore
एडीएनओसी ऑफशोर (ADNOC Offshore) से
₹15,000+ करोड़ से अधिक का
अल्ट्रा-मेगा ठेका
परियोजना का कार्यक्षेत्र: इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण, स्थापाना और कमीशनिंग (EPCIC)
L&T Energy Hydrocarbon
मध्य पूर्व में नई अपतटीय (Offshore) सुविधाओं का विकास और मौजूदा बुनियादी ढांचे का उन्नयन
नेतृत्व: LTEH के नेतृत्व वाला कंसोर्टियम द्वारा निष्पादन

**Answer: d) एडीएनओसी ऑफशोर ADNOC Offshore**

लार्सन एंड टुब्रो (**Larsen & Toubro (L&T)**) की हाइड्रोकार्बन इकाई (**L&T Energy Hydrocarbon Offshore (LTEH)**) को एडीएनओसी ऑफशोर (**ADNOC Offshore**) से **₹15,000** करोड़ से अधिक का अल्ट्रा-मेगा अनुबंध प्राप्त हुआ है।यह परियोजना इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण, स्थापना एवं कमीशनिंग (**Engineering, Procurement, Construction, Installation and Commissioning (EPCIC)**) से संबंधित है। इसके तहत मध्य पूर्व में नई अपतटीय (**Offshore**) सुविधाओं का विकास तथा मौजूदा

अपतटीय अवसरचना (Offshore Infrastructure) का उन्नयन किया जाएगा। इस परियोजना का निष्पादन एलएंडटी एनर्जी हाइड्रोकार्बन ऑफशोर (LTEH) के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम (Consortium) द्वारा किया जाएगा।

**Q. 7:** हाल ही में 16वाँ भारतीय अंगदान दिवस कब मनाया गया? **When was the 16th Indian Organ Donation Day observed recently?**

**a)** 3 अगस्त **3 August**

b) 1 अगस्त 1 August

c) 30 जुलाई 30 July

d) 5 अगस्त 5 August

# 16वाँ भारतीय अंगदान दिवस

## 3 अगस्त 2026

# अंगदान: जीवन का अमूल्य उपहार

### उद्देश्य

- अंगदाताओं और उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता
- अंगदान के माध्यम से मिले जीवन के उपहार का सम्मान
- जागरूकता फैलाना और जीवन बचाना

### इतिहास



**3 अगस्त 1994**

भारत में पहला सफल मृतक अंग प्रत्यारोपण

इस ऐतिहासिक दिन की स्मृति में मनाया जाता है

**1 अंगदाता 8 लोगों को जीवनदान दे सकता है**



## अंगदान करें, जीवन बचाएं

NOTTO

**Answer: a) 3 अगस्त 3 August**

**16वाँ भारतीय अंगदान दिवस (Indian Organ Donation Day) 3 अगस्त 2026** को मनाया गया।

इस दिवस का उद्देश्य अंगदाताओं **(Organ Donors)** और उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना तथा अंगदान के माध्यम से मिले जीवन के अमूल्य उपहार का सम्मान

करना है ।यह दिवस 3 अगस्त 1994 को भारत मे हुए पहले सफल मृतक अंग प्रत्यारोपण की स्मृति में मनाया जाता है।

**Q. 8:** हाल ही में ब्रिक्स भ्रष्टाचार निरोधक कार्य समूह की दूसरी बैठक की मेजबानी कौन-सा भारतीय शहर कर रहा है?

**Which Indian city is hosting the second meeting of the BRICS Anti-Corruption Working Group recently?**

**a)** मुंबई **Mumbai**

b) अहमदाबाद Ahmedabad

c) नई दिल्ली New Delhi

d) हैदराबाद Hyderabad

BRICS

# भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स की महत्वपूर्ण बैठकें

## ब्रिक्स भ्रष्टाचार निरोधक कार्य समूह (ACWG) की दूसरी बैठक

## ब्रिक्स विशेषज्ञ नेटवर्क ऑन एसेट रिकवरी की बैठक

4-5 अगस्त 2026 | हैदराबाद, तेलंगाना

**आयोजक:** कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT), भारत सरकार




**बैठक का उद्घाटन:**




श्रीमती रचना शाह,
सचिव, DoPT

## बैठक का मुख्य उद्देश्य

**फरार अपराधियों का पता लगाना**

1. फरार अपराधियों का पता लगाना

**अवैध संपत्तियों**

2. अवैध संपत्तियों की बरामदगी

**सीमा-पार सहयोग को मजबूत करना**

**ब्रिक्स देशों के बीच भ्रष्टाचार विरोधी सहयोग को और प्रभावी बनाना**

**Answer: d)** हैदराबाद **Hyderabad**

भारत **4–5** अगस्त **2026** को तेलंगाना के हैदराबाद में ब्रिक्स भ्रष्टाचार निरोधक कार्य समूह **(BRICS Anti-Corruption Working Group)** की दूसरी बैठक तथा ब्रिक्स विशेषज्ञ नेटवर्क ऑन एसेट रिकवरी **(BRICS Expert Network on Asset Recovery)** की बैठक की मेजबानी कर रहा है।

इस बैठक का आयोजन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग **(Department of Personnel and Training (DoPT))** द्वारा किया जा रहा है।

बैठक का उद्घाटन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग **(DoPT)** की सचिव रचना शाह ने किया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य फरार अपराधियों का पता लगाना **(Fugitive Tracing),** अवैध संपत्तियों की बरामदगी

**(Asset Recovery)** तथा सीमा-पार सहयोग **(Cross-Border Cooperation)** को मजबूत करना है, ताकि ब्रिक्स देशों के बीच भ्रष्टाचार विरोधी सहयोग और प्रभावी बनाया जा सके।

**Q. 9:** हाल ही में जारी कैंडेरे हुरुन इंडिया महिला नेतृत्व सूची **2026** में यंगेस्ट लीडर्स श्रेणी में प्रथम स्थान किसने प्राप्त

किया है? **Who has secured the first position in the Youngest Leaders category of the recently released 2026 Candere Hurun India Women Leaders List?**

**a)** अवनी लेखरा **Avani Lekhara**

**b)** पारुल गुलाटी **Parul Gulati**

**c)** शीतल देवी **Sheetal Devi**

**d)** नूरीन आयशा **Nooreen Ayesha**


कैंडेरे हुरुन इंडिया महिला नेतृत्व सूची 2026
Candere
HURUN INDIA
मुख्य तथ्य: 12 क्षेत्रों की 117 प्रभावशाली महिलाएं शामिल
यंगेस्ट लीडर्स
शीर्ष 4
Noureen Aisha
Founder, Femi Safe
Para-Archer Sheetal Devi
Narveen Aisha
Social Media Influencer
Parul Gulati
(Social Media Influencer)
Priyanka Sharma
(Independent Journalist)
ओल्डेस्ट लीडर्स
शीर्ष 3
RaJni Bector
Bectors Food Specialities
Meena Bindra
Founder, BIBA
Manju D. Gupta
Lupin
Manju D. Gupta
(Lupin)
ओवरऑल लीडरबोर्ड
शीर्ष और कम आयु
Mena Bindra
Rank
Tuhara Shaka
Rank
Rajni Bector
Rank
सबसे कम आयु की महिला (ओवरऑल लीडरबोर्ड में):
Para-shooter
Avani Lekhara
साभार: कैंडेरे हुरुन इंडिया रिपोर्ट 2026
डिजिटल प्रस्तुति: जनसत्ता

**Answer: c) शीतल देवी Sheetal Devi**

**कैंडेरे हुरुन इंडिया महिला नेतृत्व सूची 2026 (2026 Candere Hurun India Women Leaders List)** जारी की गई, जिसमें **12** विभिन्न क्षेत्रों की **117** प्रभावशाली महिलाओं को स्थान दिया गया है।

यंगेस्ट लीडर्स **(Youngest Leaders Women 2026)** श्रेणी में पैरालंपियन **(Paralympian)** शीतल देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद फेमी सेफ **(Femi Safe)** की

संस्थापक नूरीन आयशा दूसरे, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पारुल गुलाटी तीसरे तथा स्वतंत्र पत्रकार प्रियंका शर्मा चौथे स्थान पर रहीं।

ओल्डेस्ट लीडर्स **(Oldest Leaders Across Categories)** श्रेणी में बेक्टर्स फूड स्पेशलिटीज **(Bectors Food Specialities)** की रजनी बेक्टर प्रथम स्थान पर रहीं। बीबा **(BIBA)** की संस्थापक मीना बिंद्रा दूसरे तथा ल्यूपिन की मंजू डी. गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं।

सभी श्रेणियों में शीर्ष महिला नेताओं **(Top Ranked Women Leaders Across Categories)** की सूची में

मीना बिद्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तुषारा शकर दूसरे और रजनी बेक्टर तीसरे स्थान पर रहीं। पैरालंपियन अवनी लेखरा इस समग्र सूची में छठे स्थान पर रहीं और ओवरऑल लीडरबोर्ड **(Overall Leaderboard)** में स्थान पाने वाली सबसे कम आयु की महिला बनीं।

**Q. 10:** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने किस कंपनी के साथ **GIS, Location Intelligence** और **GeoAI** आधारित रक्षा समाधान विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं? **Bharat Electronics Limited**

signed an MoU with which company to develop GIS, Location Intelligence and GeoAI-based defence solutions?

a) टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज Tata Consultancy Services

b) एसरी इंडिया Esri India

c) टेक महिंद्रा Tech Mahindra

d) लार्सन एंड टुब्रो Larsen & Toubro

# रणनीतिक साझेदारी: भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) और Esri India

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स BEL

Esri India
The Science of Where



## समझौता ज्ञापन (MoU) के प्रमुख उद्देश्य

- रक्षा क्षेत्र में GIS और Location Intelligence को बढ़ावा
- भू-स्थानिक (Geospatial) और GeoAI-आधारित रक्षा समाधानों का विकास
- आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा - स्वदेशी तकनीकी विकास

## विशेष प्रशिक्षण पहल




- इंडो आर्कजीआईएस (Indo ArcGIS) प्लेटफॉर्म पर BEL अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण (Specialized Training for BEL Officials and Employees on the Indo ArcGIS Platform)
- संगठन के भीतर भू-स्थानिक विशेषज्ञता विकसित करना

**GIS, Location Intelligence और GeoAI द्वारा भारत की रक्षा क्षमताओं को सशक्त बनाना**

Answer: b) एसरी इंडिया Esri India

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (Bharat Electronics Limited (BEL)) ने एसरी इंडिया (Esri India) के साथ भौगोलिक सूचना प्रणाली [Geographic Information System (GIS)], लोकेशन इंटेलिजेंस (Location Intelligence) तथा जियोएआई (GeoAI) आधारित रक्षा समाधान विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते का उद्देश्य रक्षा क्षेत्र मे भू-स्थानिक क्षमताओं (**Geospatial Capabilities**), रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स, सिस्टम इंटीग्रेशन (**Systems Integration**) तथा स्वदेशी तकनीकी विकास को सुदृढ़ करना है।

समझौते के तहत एसरी इंडिया अपने स्वामित्व वाले इंडो आर्कजीआईएस (**Indo ArcGIS**) प्लेटफ़ॉर्म पर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण (**Specialized Training**) प्रदान करेगी, जिससे संगठन के भीतर भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी (**Geospatial Technology**) में विशेषज्ञता विकसित की

जा सके। यह साझेदारी रक्षा क्षेत्र मे **GIS, Location Intelligence** और **GeoAI** आधारित उन्नत तकनीकी समाधानों के विकास तथा भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**Q. 11:** हाल ही में भारत का **101**वाँ रामसर स्थल कौन-सा घोषित किया गया है? **Which has recently been declared as India's 101st Ramsar Site?**

**a)** लोकटक झील **Loktak Lake**

b) चिलिका झील Chilika Lake

c) दीपोर बील Deepor Beel

d) ग्लॉ झील Glaw Lake

# ग्लो झील, अरुणाचल प्रदेश: भारत का 101वाँ रामसर स्थल घोषित



केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव
3 अगस्त 2026

**101वाँ**
भारतीय रामसर स्थल

## महत्वपूर्ण तथ्य




1. **स्थान:** कामलांग टाईगर रिजर्व, अरुणाचल प्रदेश
2. **घोषणा तिथि:** 3 अगस्त 2026
3. **घोषणा कर्ता:** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव
4. **स्थिति:** अरुणाचल प्रदेश का पहला रामसर स्थल
5. **प्रकृति:** स्वच्छ मीठे पानी की झील
6. **क्षेत्र:** पूर्वी हिमालय जैव विविधता हॉटस्पॉट

## जैव विविधता

**वनस्पति:** 150+ वृक्ष प्रजातियाँ

**फूल:** 49 ऑर्किड प्रजातियाँ

"रामसर समझौता आर्द्रभूमि के संरक्षण और सतत उपयोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय संधि"

**Answer: d) ग्लॉ झील Glaw Lake**

अरुणाचल प्रदेश की ग्लॉ झील **(Glaw Lake)** को **3** अगस्त **2026** को भारत का **101**वाँ रामसर स्थल **(Ramsar Site)** घोषित किया गया। इसकी घोषणा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने की।

यह अरुणाचल प्रदेश का पहला रामसर स्थल भी बन गया है।

